# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

**जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 19.12.2023 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृतः-**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री अरविन्द मलप्पा बंगारी, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री संदीप भागिया, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
3. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. श्री शमीम अहमद, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
6. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफफरनगर।
7. मौ0 इमरान, आई0एस0ए0 समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफफरनगर।
8. श्री यगन कुमार, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
9. श्री मांगेराम प्रतिनिधि, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
10. श्री विपिन वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
11. श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रतिनिधि, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
12. मौ0 इमरान अहमद, आई0एस0ए0, भारतीय महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान।
13. श्री पवन शर्मा, आई0एस0ए0, हॉप एण्ड केयर फाउन्डेशन।
14. श्री राजेश कुमार, आई0एस0ए0, सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलेपमेन्ट एण्ड एडवान्समेन्ट।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यो पर प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 19.12.2023 को विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित फर्मो, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0 एवं आई0एस0ए0 के साथ बैठक सम्पन्न की गई, जिसमें उनके द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये:-

1- **मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0इ0एस0पी0एल0(जे0वी0), मुम्बई** की स्वीकृत 215 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 196 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 196 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 180 योजनाओ में 1114.83 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 108760 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 152 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष टयूबवैल का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। स्वीकृत 166 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 88 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है तथा 05 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष सभी योजनाओ पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक मात्र 14 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन ही कराये गये है। उपलब्ध 216 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 128 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन सभी योजनाओ पर मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म को माह नवम्बर 2023 हेतु 77 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कराने हेतु लक्षित किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 27 योजनाओ

पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं माह दिसम्बर 2023 हेतु 49 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन कार्यो हेतु लक्षित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक प्रत्येक स्थिति में माह नवम्बर 2023 का अवशेष लक्ष्य एवं माह दिसम्बर, 2023 का सम्पूर्ण लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे, अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेगा।

2- **मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद** की स्वीकृत 19 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 19 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक सभी ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 245.85 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 23904 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है, 22 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत 14 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 13 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष योजना पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म के पास 05 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान सभी योजनाओ के विद्युत कनेक्शन करा लिये गये है। उपलब्ध 23 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 22 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अवशेष 01 योजना पर यथाशीघ्र मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य कराना सुनिश्चित करे। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म को माह नवम्बर 2023 हेतु 12 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कराने हेतु लक्षित किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा सभी योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं मिाह दसम्बर 2023 हेतु 07 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन कार्यो हेतु लक्षित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक प्रत्येक स्थिति में माह दिसम्बर, 2023 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाये, अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेगा।

3- **मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली** की स्वीकृत 109 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 84 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 84 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 84 योजनाओ में 696.34 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 59979 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 59 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष टयूबवैल का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। स्वीकृत 60 नग योजनाओ के सापेक्ष मात्र 40 नग सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 10 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है तथा 11 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष योजनाओ के सोलर पैनल उपलब्ध कराये तथा अवशेष योजनाओ पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 10 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन कर दिया गया है। उपलब्ध 95 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 48 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि यथाशीघ्र अवशेष योजनाओ के मोटर पम्प उपलब्ध कराये एवं जिन योजनाओ पर टयूबवैल का कार्य पूर्ण हो गया है, उन सभी योजनाओ पर मोटर पम्प अधिष्ठापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म को माह नवम्बर 2023 हेतु 48 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कराने हेतु लक्षित किया गया है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 19 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं माह दिसम्बर 2023 हेतु 36 योजनाओ के सडक पुर्नस्थापन कार्यो हेतु लक्षित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक प्रत्येक स्थिति में माह नवम्बर 2023 का अवशेष लक्ष्य एवं माह दिसम्बर, 2023 का लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे, अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेगा।

उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि फर्मो द्वारा जिन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनकी अपने स्तर से जॉच कराकर उक्त ग्रामो की सूची माननीय केन्द्रीय मन्त्री श्री संजीव कुमार बालियान जी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित तीनो फर्मो को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित 03-03 आदर्श ग्रामो की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उक्त ग्रामो का जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जायेगा।

(संदीप भागिया)
**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

पृ0सं0 4547 / 108 / 183 दिनॉक:- 22-12-23

ई-मेल द्वारा

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि फर्मो एवं सम्बन्धित अधिकारियो से सम्पर्क कर प्रगति लाना सुनिश्चित करे।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
5. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
6. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
8. समस्त आई0एस0ए0, जनपद-मुजफ्फरनगर।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**